राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Skill-Entrepreneurship/2020-21/376; दिनांक : 04 March 2021

कार्यालय आदेश

वोकल फोर लोकल अभियान को सम्बल प्रदान करने एवं युवाओं में रोजगारपरक क्षमता विकास के लिये RSLDC द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रबंधन केन्द्रित 5 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसमें राजकीय महाविद्यालय के 6000 विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस उद्यमिता एवं रोजगारोन्मुख क्षमता विकास आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण के संबंध में **विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनका मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग हेतु RSLDC एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करवायी जानी हैं, ताकि इस संबंध में विद्यार्थियों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण के संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त हो सके एवं उनकी जिज्ञासाओं को उत्तरित किया जा सके।** इन कार्यशालाओं के सफल, प्रभावी एवं विद्यार्थी हित परक आयोजन तथा राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों में रोजगरोन्मुख कौशल क्षमता विकास के लिये किये जा रेह अन्य कार्यक्रमों की विद्यार्थियों को विस्तुत जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ साथ कौशल विकास के लिये महाविद्यालयों द्वारा यि जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के नवाचाार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के निम्नलिखित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार कार्यशालाओं/महाविद्यालयों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए निर्देशित कार्य निष्पादन करें।

प्रथम चरण कार्यशाला आयोजन कार्यक्रम 08 – 20 मार्च 2021

क.सं.	जिला	महाविद्यालय का नाम	आयोजन तिथी	अधिकारियों का नाम
1.	जयपुर	राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली	08 मार्च 2021	डा. विनोद कुमार भारद्वाज डा. शिवांगना शर्मा डा. ललिता यादव
2.		राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटपूतली	08 मार्च 2021	
3.		राजकीय महाविद्यालय सांभरलेक	09 मार्च 2021	
4.		राजकीय महाविद्यालय दूदू	09 मार्च 2021	
5.		बाबा नारायण दास राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा	10 मार्च 2021	
6.		बाबा भगवान दास राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा		
7.		राजकीय कन्या महाविद्यालय शाहपुरा	10 मार्च 2021	
8.		राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा	12 मार्च 2021	डा. शिवांगना शर्मा डा. ललिता यादव डा. विश्राम मीना
9.		राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं	12 मार्च 2021	

इस कार्यशाला के आयोजन के संबंध में यह भी निर्देशित है कि –

1. RSLDC की ओर से इन कार्यशालाओं के आयोजन हेतु नामित टीम सदस्यों के साथ समन्वय करके संबंधित महाविद्यालयों में कार्यशालाओं के आयोजन की व्यवस्थायें करवाया जाना सुनिश्चित करें।
2. इन कार्यशालाओं के आयोजन की एक रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें।

3. महाविद्यालयों में प्राचार्य एवं नवाचार प्रकोष्ठ टीम के साथ समन्वय एवं समीक्षा बैठक करके उसकी एक रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें।
4. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के उपर्युक्त सभी अधिकारियों को इस आदेश की पालना में की गई यात्राओं के लिये उनके संबंधित पदस्थापन महाविद्यालयों से उनके यात्रा एवं दैनिक भत्तों के नियमानुसार पुनर्भरण की अनुमति प्रदान की जाती है।

संदेश नायक, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/ Skill-Entrepreneurship /2020-21/377-78; दिनांक : 04 March 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः
1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रबंध निदेशक, RSLDC जयपुर।
4. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
6. समस्त उपर्युक्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
7. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली/बी.एन.डी. चिमनपुरा/बांदीकुई, को संबंधित अधिकारियों को इस आदेश की पालना में की गई यात्राओं के लिये यात्रा एंव दैनिक भत्तों के नियमनुसार पुनर्भरण हेतु।
8. संबंधित नामित अधिकारीगण, आकाशि, जयपुर।
9. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

04/3/2021

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ